**जनपद हरदोई**

**प्रेस नोट- थाना अतरौली** **दिनांक 21.03.2025**

**"ऑपरेशन स्माईल" अभियान के तहत थाना अतरौली पुलिस द्वारा जनपद सीतापुर में शादी समारोह से चोरी किये गये 03 वर्षीय बच्चे को आन्ध्र प्रदेश राज्य से सकुशल बरामद करनें व बच्चा चोरी करने वाले गिरोह में संलिप्त 02 अभियुक्ताओं को गिरफ्तार करने के संबंध में-**







**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 21.02.2025 को वादिनी द्वारा थाना अतरौली पर तहरीर दी गयी कि वादिनी अपने मायके ग्राम गौरीकला थाना अतरौली जनपद हरदोई शादी मे आयी थी। जहां शाम के समय उनका 03 वर्षीय पुत्र रितिक अचानक लापता हो गया है । इस संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना अतरौली पर मु0अ0सं0 52/25 धारा 137(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । उपरोक्त बच्चे की शीघ्र एवं सकुशल बरामदगी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरदोई द्वारा टीम गठित कर लगाया गया।

**कार्यवाही-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद हरदोई द्वारा जनपद में अपहृत/ गुमशुदा बच्चों/बालकों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन स्माईल" के क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व मोबाइल सर्विलांस की मदद से अथक प्रयास किया जा रहा था। अपहृत बच्चे रितिक के संबंध में सर्विलांस के माध्यम से अभय वर्मा व उमाशंकर की संदिग्धता प्रतीत हुई जिसपर इनसे पूछताछ की गयी। कई बार की पूछताछ में इनके द्वारा बताया गया कि जनपद हरदोई थाना क्षेत्र अतरौली व जनपद सीतापुर से 02 बच्चों सहित कुल 03 बच्चों को (एक थाना अटरिया मे शादी समारोह में से आर्यन उम्र करीब 03 वर्ष को दिनांक 10.02.2025 को व थाना बिसवां से कार्तिक मौर्या उम्र 03 वर्ष को मेले से दिनांक 27.12.2024 को चोरी किये गये थे) चोरी कर के दिल्ली मे रह रही महिला

सोनिया को दे देते थे । सोनिया विजयवाडा में रहने वाली शारदा,हसीना व बिजली को बेच देती थी। सोनिया नाम की महिला को पूछताछ के आधार पर बुलवाया गया तथा सोनिया नाम की महिला से भी पूछताछ व जानकारी की गयी तो बताया कि हरदोई वाले बच्चे को तेलंगाना शारदा के माध्यम बेचने हेतु भेजा है । उक्त बताये अनुसार एक टीम दिनांक 14.03.2025 को तेलंगाना रवाना किया गया था । सोनिया द्वारा चोरी किये गये तीनों बच्चों को जिसमें हरदोई के बच्चे को शारदा के माध्यम से तेलंगाना में अज्ञात व्यक्ति को बेचा गया तथा सीतापुर के 02 बच्चे जिसमें से एक को राजमुंद्री व एक को विजयवाडा में बेचा गया है । पुलिस टीम द्वारा थाना अतरौली जनपद हरदोई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 52/25 धारा 137(1) बीएनएस से संबंधित गुमशुदा 03 वर्षीय बच्चे रीतिक को सकुशल बरामद कर दिनांक 19.03.2025 को नियमानुसार परिजनों को सुपुर्द किया जा चुका है ।

जनपद सीतापुर से चोरी किये गये शेष दोनो बच्चों की सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस की एक टीम वहां मौजूद थी । जिनकी बरामदगी का प्रयास किया जा रहा था कि गिरफ्तार अभियुक्ता सोनिया द्वारा बतायी गई जानकारी के आधार पर रवानशुदा टीम को अवगत कराया जाता रहा रवानाशुदा टीम द्वारा स्थानीय तेलंगाना व आंध्र प्रदेश की पुलिस द्वारा अपेक्षित सहयोग किया गया ।

इसी क्रम में दिनांक 10.02.2025 को थाना अटरिया जनपद सीतापुर क्षेत्रांतर्गत शादी समारोह से चोरी हुए 03 वर्षीय बच्चे आर्यन को पश्चिमी-गोदावरी आन्ध्र प्रदेश से सकुशल बरामद किया गया । पुलिस टीम द्वारा बच्चे को हवाई जहाज के माध्यम से सकुशल हरदोई लाया गया । सीतापुर के अन्य एक बच्चे की बरामदगी हेतु टीम वहां पर कार्यरत है । इन अभियुक्तों द्वारा जो बच्चे चुराये जाते थे उनको 05-05 लाख रुपये में बेचा जाता था।

पुलिस टीम द्वारा बच्चे चोरी करने की घटना में संलिप्त गिरोह की 02 अभियुक्ताओं 1. पठान मुमताज उर्फ हसीना पत्नी पठान जानी नि0 अजीत सिंह नगर न्यू राज राजेश्वरी पेटा थाना अजीत सिंहनगर जिला विजयवाडा आन्ध्र प्रदेश 2. बिक्कोल बिजली पत्नी बिक्कौल राजू उर्फ मोशे नि0 158 वाटर टैंक वैदेही ईस्ट गोदावरी गडाला आन्ध्र प्रदेश को गिरफ्तार किया गया ।

**पूछताछ का विवरण-**

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्तगणों का बच्चा चोरी करने का एक अंतर्राजीय सक्रिय गिरोह है जिसमें कई महिलाएं भी शामिल है। पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा क्षेत्र में घूम-घूमकर रैकी की जाती है जिसमें ऐसे बच्चों को चिन्हित किया जाता था जोकि गरीब परिवार से होते थे जिनके परिजन प्रभावी रुप से पैरवी न कर सकें, जिससे अभियुक्तगण पकडे न जा सके तथा शादी समारोह, भीड़भाड़ वाले स्थानों आदि से ऐसे छोटे-छोटे बच्चों को चाकलेट देकर, मोबाइल दिखाने के बहाने व बहला फुसलाकर उठा ले जाते थे । जिसके उपरांत बच्चों के फोटों अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता को भेज दी जाती थी। जिसके आधार पर बच्चों के रंग रुप अनुसार बच्चे की कीमत तय की जाती थी । पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता के बताने के अनुसार दोनों अभियुक्तों द्वारा बच्चे को दिल्ली पहुंचा दिया जाता था । अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता द्वारा बच्चे को दिल्ली में तैयार कराकर विजयवाडा में मौजूद शारदा, मुमताज व बिजली को फोटों भेजती थी । गिरफ्तार अभियुक्ता

मुमताज व बिजली इन बच्चों को पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता से खरीदकर बेच देती थी।

**नोट-** पुलिस टीम द्वारा बच्चे चोरी करने की घटना में संलिप्त गिरोह के 03 अभियुक्त/अभियुक्ता 1. अभय वर्मा पुत्र प्रदीप कुमार निवासी अलायपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर 2. उमाशंकर पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र रावत निवासी ग्राम शाहपुर थाना महगवां जनपद लखनऊ 3. सोनिया उर्फ सुनीता पत्नी राजकुमार शर्मा निवासी मंगोलपुरी नई दिल्ली को पूर्व में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्ताओं का नाम व पता-**

1. पठान मुमताज उर्फ हसीना पत्नी पठान जानी नि0 अजीत सिंह नगर न्यू राज राजेश्वरी पेटा थाना अजीत सिंहनगर जिला विजयवाडा आन्ध्र प्रदेश।
2. बिक्कोल बिजली पत्नी बिक्कौल राजू उर्फ मोशे नि0 158 वाटर टैंक वैदेही ईस्ट गोदावरी गडाला आन्ध्र प्रदेश।

**अभियुक्ता पठान मुमताज उर्फ हसीना का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 52/25 धारा 137(1) बीएनएस थाना अतरौली जनपद हरदोई।
2.मु0अ0सं0 562/2024 धारा 137 (2) बीएनएस थाना बिसवां जनपद सीतापुर।
3.मु0अ0सं0 39/2025 धारा 137 (2) बीएनएस थाना अटरिया जनपद सीतापुर।

**अभियुक्ता बिक्कोल बिजली का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 52/25 धारा 137(1) बीएनएस थाना अतरौली जनपद हरदोई।
2.मु0अ0सं0 562/2024 धारा 137 (2) बीएनएस थाना बिसवां जनपद सीतापुर।
3.मु0अ0सं0 39/2025 धारा 137 (2) बीएनएस थाना अटरिया जनपद सीतापुर।

**बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 मारकण्डेय सिंह थाना अतरौली जनपद हरदोई।
2. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना अतरौली जनपद हरदोई।
3. उ0नि0 रोहित कुमार थाना अतरौली जनपद हरदोई।
4. हे0का0 अनूप सिंह थाना अतरौली जनपद हरदोई।
5. हे0का0 राजकूपर थाना अतरौली जनपद हरदोई।
6. का0 विनीत कुमार थाना अतरौली जनपद हरदोई।
7. म0का0 सविता उपाध्याय थाना अतरौली जनपद हरदोई।
8. म0उ0नि0 रीमा सिंह थाना साण्ड़ी जनपद हरदोई।
9. उ0नि0 कुलदीप सिंह थाना को0 शहर जनपद हरदोई।
10.उ0नि0 मुईन अहमद खान थाना कछौना जनपद हरदोई।
11.हे0का0 होरालाल थाना सुरसा जनपद हरदोई।
12.हे0का0 रमापति दिवाकर को0 देहात जनपद हरदोई।

13.का0 प्रदीप चौधरी स्पेशल टीम पूर्वी जोन जनपद हरदोई।
14.का0 जितेन्द्र सिंह पुलिस लाईन जनपद हरदोई।
15.का0 त्रिवेश कुमार थाना को0 देहात जनपद हरदोई।
16.का0 मंजेश कुमार थाना को0 शहर जनपद हरदोई।
17.का0 बृजनन्दन थाना को0 शहर जनपद हरदोई।
18.का0 ओमवीर सिंह सर्विलांस सेल जनपद हरदोई।